Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

CEN 07/2024 - मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कोटियाँ / CEN 07/2024 - Ministerial & Isolated Categories

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/09/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | Chief Law Assistant |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Professional Ability**

**Q.1** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 131 के अंतर्गत भारत के उच्चतम न्यायालय का मूल अधिकार क्षेत्र _______ से संबंधित है।

**Ans**
✗ A. केंद्र और राज्यों के बीच राजस्व से संबंधित विवादों
✗ B. उच्च न्यायालयों से अपीलों से
✗ C. मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन
✓ D. भारत सरकार और एक या अधिक राज्यों के बीच विवादों

**Q.2** लिखित या दृश्य रूप में की गई मानहानि, जैसे लेख, फोटो या वीडियो, को निम्नलिखित में से किस श्रेणी में रखा जाता है?

**Ans**
✗ A. अपमान वचन (Slander)
✓ B. अपमान लेख (Libel)
✗ C. न्यायालय की अवमानना (Contempt of Court)
✗ D. राजद्रोह (Sedition)

**Q.3** भारत के संविधान के अनुच्छेद 81 के अनुसार, प्रत्येक राज्य को लोकसभा में सीटों का आवंटन इस प्रकार किया जाता है, ताकि राज्य की सीटों और उसकी जनसंख्या का अनुपात ______________________ ।

**Ans**
✓ A. सभी राज्यों के लिए यथासंभव समान रहे
✗ B. सभी राज्यों के लिए यथासंभव संतुलित रहे
✗ C. सभी क्षेत्रों के लिए यथासंभव समान रहे
✗ D. यथासंभव समानुपातिक रहे

**Q.4** लैटिन शब्द 'Stare decisis (स्टेरे डेसिसिस)' से क्या तात्पर्य है?

**Ans**
✗ A. तय की गई बातों को नकारना
✓ B. तय की गई बातों पर अड़े रहना
✗ C. पिछले निर्णयों की समीक्षा करना
✗ D. नया उदाहरण कायम करना

**Q.5** परिसीमा अधिनियम,1963 की धारा 25(2) के अंतर्गत, चिरभोग द्वारा सुखाचारों के अर्जन के लिए बीस वर्ष की अवधि की गणना किस अवधि के रूप में की जाएगी?

**Ans**
✗ A. किसी भी कानूनी कार्यवाही के दायर होने से पहले पांच वर्ष के भीतर समाप्त होने वाली
✗ B. केवल सुखाचारों में बाधा की तिथि से प्रारंभ
✓ C. ऐसी कालावधि के रूप में जिसका अन्त उस वाद के संस्थित किए जाने के अव्यवहित पूर्व के दो वर्षों के भीतर हुआ हो
✗ D. संबंधित भवन के निर्माण की तिथि से प्रारंभ

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.6** भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की धारा 6 के अंतर्गत, यह निर्धारित करने में कि व्यक्तियों का कोई समूह फर्म है या नहीं, निम्नलिखित में से किसका ध्यान रखा जाना चाहिए?

**Ans**
- ✔ A. पक्षकारों के बीच वास्तविक संबंध का, जो सब सुसंगत तथ्यों को एक साथ लेने से दर्शित होता हो
- ✘ B. केवल भागीदारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज का
- ✘ C. पांच वर्षों से अधिक समय से, फर्म के साथ कार्य कर रहें व्यक्तियों के प्रमाणों का
- ✘ D. सरकारी अभिलेखों में उपलब्ध दस्तावेज का

**Q.7** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 56 के अंतर्गत, दस्तावेज के कौन-से भाग को प्राथमिक या द्वितीयक साक्ष्य द्वारा साबित किया जा सकता है?

**Ans**
- ✘ A. दस्तावेज का इतिहास
- ✘ B. दस्तावेज संबंधी राय
- ✔ C. दस्तावेज की अंतर्वस्तु
- ✘ D. दस्तावेज की वैधता

**Q.8** रेस इप्सा लोक्विटुर (Res ipsa loquitur) का सिद्धांत, निम्नलिखित में से किस अपकृत्य में दायित्व निर्धारित करने का एक तत्व है?

**Ans**
- ✔ A. उपेक्षा
- ✘ B. हमला
- ✘ C. मानहानि
- ✘ D. कपट

**Q.9** विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 6 के अंतर्गत (बेकब्जा होने पर कब्जे के लिए), वाद कितने समय के भीतर दायर किया जाना चाहिए?

**Ans**
- ✘ A. दो वर्ष
- ✘ B. एक वर्ष
- ✔ C. छह माह
- ✘ D. तीन वर्ष

**Q.10** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 42 के अंतर्गत, जब किसी डिक्री को निष्पादन के लिए किसी अन्य न्यायालय में भेजा जाता है, तो वह न्यायालय ________________।

**Ans**
- ✘ A. डिक्री का निष्पादन करने से इनकार कर सकता है
- ✔ B. उसका निष्पादन ऐसे करता है, मानो डिक्री उसी ने पारित की हो
- ✘ C. डिक्री की वैधता पर प्रश्न नहीं उठा सकता है
- ✘ D. डिक्री पारित करने वाले न्यायालय की अनुमति लेगा

**Q.11** संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, 1882 की धारा 8 के अनुसार, ________, संपत्ति का हस्तांतरण होने पर हस्तांतरिती को वह समस्त हित तुरंत हस्तांतरित हो जाता है, जिसे हस्तांतरणकर्ता संपत्ति में हस्तांतरित करने में सक्षम है।

**Ans**
- ✘ A. जब तक कि परिसीमा अधिनियम के अनुसार लेन-देन शून्य न हो
- ✔ B. जब तक कि कोई भिन्न आशय अभिव्यक्त न हो या आवश्यक रूप से विवक्षित न हो
- ✘ C. जब तक कि पक्षकारों ने भारतीय अनुबंध अधिनियम का उल्लंघन नहीं किया हो
- ✘ D. जब तक कि चीजें पूर्व से ही गिरवी न रखी गई हों

**Q.12** हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के तहत, निर्वासीयती मृत्यु वाले हिंदू पुरुष के प्राथमिक वारिस कौन होते हैं?

**Ans**
- ✔ A. वर्ग I के वारिस (Class I heirs)
- ✘ B. सगोत्र (Agnates)
- ✘ C. सरकार (Government)
- ✘ D. बंधुजन (Cognates)

Adda247 | GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 45 के अनुसार, जो व्यक्ति किसी व्यक्ति को उस बात को करने के लिए उकसाता है, उसे _____________ कहा जाता है। | |
| Ans | ✗ A. बात के लिए षड्यंत्र रचना | |
| | ✗ B. बात को बढ़ावा देना | |
| | ✗ C. बात के लिए रिश्वत देना | |
| | ✓ D. किसी बात को किए जाने का दुष्प्रेरण करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से किस मामले में यह निर्धारित किया गया कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का अनुसरण किए बिना प्राप्त कोई विदेशी निर्णय भारत में निश्चायक नहीं है? | |
| Ans | ✗ A. रेनुसागर पावर कंपनी बनाम जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी (1994) | |
| | ✓ B. आर विश्वनाथन बनाम रुकन-उल-मुल्क सैयद अब्दुल वाजिद (1963) | |
| | ✗ C. सत्या बनाम तेजा सिंह (1975) | |
| | ✗ D. लालजी राजा बनाम फर्म हंसराज नाथूराम (1971) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | विधि के स्रोत के रूप में, शब्द 'स्टेयर डिसिसिस (Stare decisis)' का क्या अर्थ है? | |
| Ans | ✗ A. संविधानवाद को बरकरार रखना | |
| | ✓ B. निर्णय की गई बातों का अनुसरण करना | |
| | ✗ C. विधिक अधिकारों का अनुसरण करना | |
| | ✗ D. कानूनी उपायों को बरकरार रखना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 54 के अनुसार, दस्तावेजों की विषय-वस्तु को छोड़कर सभी _____ को मौखिक साक्ष्य द्वारा साबित किया जा सकता है। | |
| Ans | ✓ A. तथ्यों को | |
| | ✗ B. स्वीकृतियों को | |
| | ✗ C. कथनों को | |
| | ✗ D. बातों को | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 45 के अनुसार, किसी चीज़ के लिए उकसाने में निम्नलिखित में से क्या शामिल है? | |
| Ans | ✗ A. अनजाने में गुप्त रखना | |
| | ✗ B. अनजाने में प्रयास में सहायता करना | |
| | ✗ C. जानबूझकर उस काम को प्रचारित करना | |
| | ✓ D. जानबूझकर उस काम को करने में सहायता करना, अवैध चूक करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 13 के अंतर्गत, विदेशी निर्णय किसी भी मामले के संबंध में निश्चयक होगा, जो प्रत्यक्षतः उन्हीं पक्षकारों के बीच न्यायनिर्णित किया गया हो, लेकिन यह वहां निश्चयक नहीं होगा, ____________________। | |
| Ans | ✓ A. जहां यह मामले के गुणावगुण के आधार पर नहीं दिया गया है | |
| | ✗ B. जहां यह विधि के मुद्दों पर नहीं दिया गया है | |
| | ✗ C. जहां यह मामले के गुणावगुण के आधार पर दिया गया है | |
| | ✗ D. जहां यह पक्षकारों की रूढ़ियों के विरुद्ध है | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 57 के अनुसार, जहां उचित अभिरक्षा से इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड प्रस्तुत किया जाता है, ऐसे इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को _______ माना जाता है जब तक कि यह विवादित न हो। | |
| Ans | ✗ A. ग्राह्य साक्ष्य | |
| | ✗ B. अनिवार्य साक्ष्य | |
| | ✗ C. द्वितीयक साक्ष्य | |
| | ✓ D. प्राथमिक साक्ष्य | |

**Q.20** हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत, तलाक से संबंधित कानूनी प्रावधान किस धारा में निहित हैं?

Ans
- ✗ A. धारा 14
- ✗ B. धारा 15
- ✓ C. धारा 13
- ✗ D. धारा 11

**Q.21** माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम 1996 के अंतर्गत, किसी माध्यस्थम् अधिकरण को अपने अधिकारिता के बारे में विनिर्णय करने की सक्षमता किस धारा के अंतर्गत प्रदान की गई है?

Ans
- ✗ A. धारा 17
- ✗ B. धारा 18
- ✓ C. धारा 16
- ✗ D. धारा 15

**Q.22** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 8 के अंतर्गत, प्रत्येक सेशन न्यायालय में एक न्यायाधीश पीठासीन होगा, जो _______________ द्वारा नियुक्त किया जाएगा।

Ans
- ✓ A. उच्च न्यायालय
- ✗ B. जिला न्यायालय
- ✗ C. कॉलेजियम
- ✗ D. सर्वोच्च न्यायालय

**Q.23** कंपनी अधिनियम की धारा 8 खंड (3) के अनुसार, धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी का सदस्य कौन हो सकता है?

Ans
- ✓ A. एक फर्म
- ✗ B. एक संस्था
- ✗ C. एक व्यक्ति
- ✗ D. एक सोसाइटी

**Q.24** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 13 के अंतर्गत, _______ उसके द्वारा उन्हीं पक्षकारों के बीच या उसी हक के अधीन मुकदमा करने वाले ऐसे पक्षकारों के बीच, जिनसे व्युत्पन्न अधिकार के अधीन वे या उनमें से कोई दावा करते हैं, प्रत्यक्षतः न्यायनिर्णीत किसी विषय के बारे में निश्चायक होगा।

Ans
- ✗ A. सार पर निर्णय
- ✓ B. विदेशी निर्णय
- ✗ C. तथ्यों पर निर्णय
- ✗ D. अंतिम निर्णय

**Q.25** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 38 के अनुसार, कौन-सा न्यायालय डिक्री निष्पादित कर सकता है?

Ans
- ✗ A. वह न्यायालय जहाँ प्रतिवादी रहता है
- ✓ B. वह न्यायालय जिसने इसे पारित किया है
- ✗ C. निम्नतम अधिकार क्षेत्र वाला न्यायालय
- ✗ D. वह न्यायालय जहाँ वादी रहता है

**Q.26** RTI अधिनियम 2005 के तहत, आसान अभिगम के लिए लोक प्राधिकारियों का अभिलेखों को कंप्यूटरीकृत करने का दायित्व ______ में निहित है।

Ans
- ✓ A. धारा 4(1)(a)
- ✗ B. धारा 6 a
- ✗ C. धारा 8 b
- ✗ D. धारा 3

Adda247

**Q.27** संपत्ति अंतरण अधिनियम 1882 की धारा 8 के अंतर्गत, जब तक कि कोई भिन्न आशय अभिव्यक्त न हो या आवश्यक रूप से विवक्षित न हो, सम्पत्ति का अन्तरण अन्तरिती को तत्काल ही ____________________।

**Ans**
- ✗ A. केवल अंतरण स्थान की विधि द्वारा अनुमत सीमित हित के रूप में अंतरित हो जाती है
- ✗ B. केवल उस राशि तक अंतरित होता है, जो उत्ताराधिकार विधि के प्रचालन के कारण हस्तांतरिती के पास होती है
- ✗ C. वे समस्त संपत्तियां हकदार हस्तांतरिती को हस्तांतरित हो जाती है
- ✓ D. उस समस्त हित का संक्रामण कर देता है जिसका संक्रामण करने के लिए अन्तरक तब समर्थ हो

**Q.28** परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 25 के अनुसार, सुखाधिकार के रूप में प्रकाश या वायु तक पहुंच और उपयोग का अधिकार कब पूर्ण और अप्रतिबन्ध्य होगा?

**Ans**
- ✗ A. जब 12 वर्षों तक, किसी विघ्न के बिना इसका उपभोग किया जाए
- ✗ B. जब चिरकाल से राज्य द्वारा विधि के तहत मान्यता प्रदान की जाए
- ✓ C. जब 20 वर्षों तक, किसी विघ्न के बिना इसका उपभोग किया जाए
- ✗ D. जब राज्य से 10 वर्षों तक इसका उपभोग किया जाए

**Q.29** विधि के स्रोत के रूप में, वर्टिकल स्टेयर डेसिसिस (vertical stare decisis) के तत्व क्या इंगित करते हैं?

**Ans**
- ✓ A. निचला न्यायालय, उच्च या अपीलीय न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्णयों का सख्ती से पालन करेगा
- ✗ B. न्यायालय को रूढ़िगत व्यवहारों का सम्मान करना होगा
- ✗ C. जब तक कि अन्यथा आवश्यक न हो, न्यायालय संविधान के प्रतिमानकों का अनुसरण करेगा
- ✗ D. न्यायालय, निर्णय प्रदान करते समय अपनी अवमानना के लिए दण्डित कर सकते हैं

**Q.30** हिंदू दत्तक तथा भरण-पोषण अधिनियम के अनुसार, दत्तक माता-पिता और विपरीत लिंग के दत्तक बच्चे के बीच आवश्यक आयु का अंतर क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 18 वर्ष
- ✗ B. 22 वर्ष
- ✓ C. 21 वर्ष
- ✗ D. 15 वर्ष

**Q.31** BNSS अध्याय II के तहत प्रत्येक राज्य में निम्नलिखित में से किस वर्ग के दंड न्यायालय स्थापित किए जाते हैं?

**Ans**
- ✗ A. तृतीय वर्ग के न्यायिक मजिस्ट्रेट (Judicial Magistrates of the third class)
- ✓ B. सत्र न्यायालय (Courts of Session)
- ✗ C. राजस्व मजिस्ट्रेट (Magistrates of Revenue)
- ✗ D. अपील न्यायालय (Courts of Appeal)

**Q.32** वह सिद्धांत जिसके अंतर्गत एक विवाचन न्यायाधिकरण अपने अधिकार क्षेत्र के आधार पर निर्णय दे सकता है, ___________ कहलाता है।

**Ans**
- ✗ A. पूर्वन्याय (Res judicata)
- ✓ B. कॉम्पेटेन्ज़-कॉम्पेटेन्ज़ (Kompetenz-Kompetenz)
- ✗ C. पृथक्करणीयता का सिद्धांत (Doctrine of Severability)
- ✗ D. कार्योत्तर नियम (Ex post facto rule)

**Q.33** परिसीमन अधिनियम 1963 के अंतर्गत, सुखाचारों का चिरभोग द्वारा अर्जन किस धारा से संबंधित है?

**Ans**
- ✓ A. धारा 25
- ✗ B. धारा 28
- ✗ C. धारा 27
- ✗ D. धारा 29

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.34** निम्नलिखित में से किस मामले में यह निर्धारित किया गया था कि संसद आवश्यक विधायी कार्यों को प्रत्यायोजित नहीं कर सकती है?

Ans
- ✗ A. इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण, 1975
- ✗ B. ए. के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य, 1950
- ✓ C. इन रे दिल्ली लॉज़ एक्ट, 1951
- ✗ D. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य, 1973

**Q.35** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के किस प्रावधान के तहत की जाती है?

Ans
- ✗ A. धारा 7
- ✗ B. धारा 9
- ✓ C. धारा 10
- ✗ D. धारा 8

**Q.36** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की निम्नलिखित में से किस धारा में उस न्यायालय का प्रावधान है, जिसके द्वारा किसी डिक्री का निष्पादन किया जा सकता है?

Ans
- ✗ A. धारा 39
- ✓ B. धारा 38
- ✗ C. धारा 40
- ✗ D. धारा 37

**Q.37** व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 की धारा 5 के अंतर्गत, रजिस्ट्रीकरण के समय आस्तियों और दायित्वों का विवरण कब आवश्यक होता है?

Ans
- ✗ A. जब किसी व्यवसाय संघ को, राज्य से व्यवसाय संघ के रूप में कार्य करने की अनुमति न हो
- ✗ B. जब किसी व्यवसाय संघ को नियोक्ता द्वारा मान्यता प्राप्त न हो
- ✗ C. जब कोई व्यवसाय संघ, अपने रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किए जाने से पूर्व पांच वर्षों से अधिक तक विद्यमान रहता है
- ✓ D. जब कोई व्यवसाय संघ, अपने रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किए जाने से पूर्व एक वर्ष से अधिक तक विद्यमान रहता है

**Q.38** मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के अनुसार, 'राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग' का निम्नलिखित में से किसमें उल्लिखित राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से अभिप्रेत है?

Ans
- ✗ A. अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा
- ✓ B. संविधान का अनुच्छेद 338
- ✗ C. अल्पसंख्यक संरक्षण अधिनियम के तहत गठित आयोग
- ✗ D. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत आयोग

**Q.39** औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 7 के अनुसार, श्रम न्यायालय का गठन कैसे होगा?

Ans
- ✗ A. श्रम न्यायालय में केवल दो व्यक्ति होंगे जिन्हें समुचित सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा।
- ✓ B. श्रम न्यायालय में केवल एक व्यक्ति होगा जिसे समुचित सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा।
- ✗ C. श्रम न्यायालय में एक व्यक्ति होगा जिसने श्रम मुद्दों के लिए कम से कम 20 वर्षों तक काम किया हो।
- ✗ D. श्रम न्यायालय में नियोक्ता और कर्मचारी का प्रतिनिधित्व करने वाले दो-दो व्यक्ति होंगे।

**Q.40** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 3 के अनुसार, गठित कंपनी या तो शेयरों द्वारा सीमित कंपनी या गारंटी द्वारा सीमित कंपनी या __________ हो सकती है।

Ans
- ✓ A. एक असीमित कंपनी
- ✗ B. एक सरकारी कंपनी
- ✗ C. एक सीमित कंपनी
- ✗ D. एक प्रतिभूतित कंपनी

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.41** औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अंतर्गत, समुचित सरकार, ____________ में विनिर्दिष्ट किसी विषय सम्बन्धी औद्योगिक विवादों के न्यायनिर्णयन के लिए, एक या अधिक श्रम न्यायालयों का गठन कर सकती है।

**Ans**
- ✗ A. प्रथम अनुसूची
- ✗ B. तृतीय अनुसूची
- ✓ C. द्वितीय अनुसूची
- ✗ D. शासकीय राजपत्र

**Q.42** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 46 के अनुसार, जब कभी डिक्री पारित करने वाला न्यायालय डिक्रीदार के आवेदन पर ठीक समझे तब वह किसी ऐसे अन्य न्यायालय को यह आज्ञापत्र जारी कर सकेगा जो ______________________________।

**Ans**
- ✓ A. निर्णीत-ऋणी की कोई भी सम्पत्ति कुर्क करने के लिए उस डिक्री के निष्पादन के लिए सक्षम होगा
- ✗ B. डिक्री की जांच करने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा निम्न न्यायालय को आदेश होगा
- ✗ C. देश के कानून को कायम रखने के लिए ऐसी डिक्री को निष्पादित करने का आदेश होगा
- ✗ D. निर्णीत-ऋणी को डिक्री शुल्क जमा करने का आदेश होगा

**Q.43** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 73 के अनुसार, किसी संविदा-भंग से कारित हानि या नुकसान का प्राक्कलन करते समय क्या दृष्टिगत रखना होगा?

**Ans**
- ✓ A. वे साधन जो संविदा के अपालन से हुई असुविधा का उपचार करने के लिए वर्तमान थे
- ✗ B. वे कारक जिनसे नुकसान हुआ
- ✗ C. वे कारण जिनसे अपालन बढ़ा
- ✗ D. वे कारक जो नुकसान की भरपाई के लिए प्रस्तावित किए गए थे

**Q.44** व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 की धारा 5 के अंतर्गत, व्यवसाय संघ के रजिस्ट्रीकरण के लिए हर आवेदन रजिस्ट्रार के समक्ष किया जाएगा और उसके साथ निम्नलिखित में से क्या संलग्न किया जाएगा?

**Ans**
- ✗ A. राज्य सरकार का प्राधिकार पत्र
- ✓ B. व्यवसाय संघ के नियमों की एक प्रतिलिपि
- ✗ C. राज्य सरकार को इसकी प्रतिलिपि
- ✗ D. नियोक्ता की अनुमति की प्रतिलिपि

**Q.45** भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की धारा 45 के अनुसार, फर्म के विघटन के बावजूद, भागीदार किसी भी तीसरे पक्ष के प्रति अपने द्वारा किए गए किसी भी कार्य के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे, जो विघटन से पहले किए जाने पर फर्म का कार्य होता, जब तक कि ____________________।

**Ans**
- ✗ A. दायित्व न होने की सार्वजनिक सूचना न दे दी जाए
- ✗ B. भागीदार दिवालिया घोषित न हो जाए
- ✗ C. भागीदार द्वारा त्यागपत्र न दे दिया जाए
- ✓ D. विघटन की लोक सूचना न दे दी जाए

**Q.46** चलत प्रत्याभूति को ,________, प्रतिभू की मृत्यु तत्प्रतिकूल संविदा के अभाव में प्रतिसंहृत कर दिया जाता है।

**Ans**
- ✗ A. केवल तभी जब लेनदार को मृत्यु की जानकारी हो
- ✓ B. जहां तक कि उसका भावी संव्यवहारों से संबंध है
- ✗ C. केवल तभी जब संविदा में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया हो
- ✗ D. केवल तभी जब कानूनी उत्तराधिकारी सूचना दें

**Q.47** माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 के अंतर्गत कौन-सी धारा, न्यायालय को अंतरिम सुरक्षा उपाय प्रदान करने का अधिकार देती है?

**Ans**
- ✓ A. धारा 9
- ✗ B. धारा 17
- ✗ C. धारा 8
- ✗ D. धारा 11

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.48 प्रत्यायोजन विधान में, मूल अधिकारातीत सिद्धांत (Doctrine of Substantive Ultra Vires) का क्या अर्थ होता है?

Ans
- ✗ A. यदि प्रशासन व्यक्ति की स्वतंत्रता का अतिक्रमण करता है, तो न्यायालय रिट जारी करेंगे।
- ✗ B. यदि न्यायालय सामर्थ्यकारी संविधि द्वारा आरोपित की गई सीमाओं का उल्लंघन करता है, तो न्यायालय उसे मूल अधिकारातीत के समान अमान्य कर देंगे।
- ✗ C. यदि प्रशासन न्यायपालिका द्वारा आरोपित की गई सीमाओं का उल्लंघन करता है, तो न्यायालय उसे मूल अधिकारातीत के समान अमान्य कर देंगे।
- ✓ D. यदि प्रशासन सामर्थ्यकारी संविधि द्वारा आरोपित की गई सीमाओं का उल्लंघन करता है, तो न्यायालय उसे मूल अधिकारातीत के समान अमान्य कर देंगे।

Q.49 मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के अनुसार, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में एक अध्यक्ष होगा जो _______ रहा हो।

Ans
- ✗ A. किसी अन्य देश के सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश
- ✗ B. किसी भी उच्च न्यायालय का वरिष्ठ न्यायाधीश
- ✗ C. प्रसिद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता
- ✓ D. भारत के मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश

Q.50 भारत सरकार और किसी राज्य के बीच किसी विवाद को भारत के उच्चतम न्यायालय के किस क्षेत्राधिकार के अंतर्गत निपटाया जाता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 133 के अंतर्गत अपीलीय क्षेत्राधिकार
- ✓ B. अनुच्छेद 131 के अंतर्गत मूल क्षेत्राधिकार
- ✗ C. अनुच्छेद 132 के अंतर्गत अपीलीय क्षेत्राधिकार
- ✗ D. अनुच्छेद 134 के अंतर्गत अपीलीय क्षेत्राधिकार

Section : **General Ability**

Q.51 जुलाई 2025 में, भगवान बुद्ध के पवित्र पिपराहवा अवशेषों की भारत वापसी भारत सरकार और निम्नलिखित में से किस संगठन के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से संभव हुई?

Ans
- ✗ A. विप्रो
- ✓ B. गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप
- ✗ C. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड
- ✗ D. टाटा ग्रुप

Q.52 जब एक पाइरुवेट अणु को वायवीय रूप से पूरी तरह से भंजित किया जाता है तो उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) अणुओं की संख्या कितनी होती है?

Ans
- ✗ A. 32
- ✓ B. 3
- ✗ C. 12
- ✗ D. 9

Q.53 UN फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UN Framework Convention on Climate Change) के निम्नलिखित में से किस कान्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (COP) में सुभेद्य देशों के लिए एक नए 'हानि और क्षति (Loss and Damage)' कोष पर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ?

Ans
- ✗ A. COP 29
- ✓ B. COP 27
- ✗ C. COP 28
- ✗ D. COP 26

Q.54 40 विद्यार्थी प्रति दिन 9 घंटे कार्य करके एक कार्य को 5 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि 45 विद्यार्थियों को प्रति दिन 10 घंटे कार्य करने का निर्देश दिया जाए, तो कार्य पूरा होने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 8 दिन
- ✗ B. 6 दिन
- ✓ C. 4 दिन
- ✗ D. 5 दिन

Q.55 एक विद्यार्थी 30 ml जूस तीन अलग-अलग आकृति के बर्तनों में डालता है। प्रत्येक बर्तन में जूस अलग-अलग आकृति लेता है, लेकिन द्रव पदार्थ का स्तर अलग-अलग होता है। इससे पता चलता है कि ______________।

Ans
- ✗ A. द्रवों का न तो आयतन निश्चित होता है और न ही आकृति।
- ✗ B. द्रवों की आकृति तो निश्चित होती है, लेकिन आयतन नहीं।
- ✗ C. द्रवों का कोई निश्चित आयतन नहीं होता है।
- ✓ D. द्रवों का आयतन तो निश्चित होता है, लेकिन आकृति नहीं।

Q.56 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) P S R U B K C A Z E Y L A P Q F A T L B (दाएं)

दाएं से आठवें अक्षर के दाएं से पांचवां अक्षर कौन-सा है?

Ans
- ✓ A. T
- ✗ B. L
- ✗ C. A
- ✗ D. C

Q.57 जुलाई 2025 में, केंद्र सरकार ने भारत की पहली AI-संचालित सड़क सुरक्षा पहल शुरू करने के लिए किस राज्य को अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी किया?

Ans
- ✓ A. उत्तर प्रदेश
- ✗ B. महाराष्ट्र
- ✗ C. राजस्थान
- ✗ D. असम

Q.58 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
192 164 138 114 ? 72

Ans
- ✗ A. 99
- ✗ B. 103
- ✓ C. 92
- ✗ D. 112

Q.59 जब कोई नाविक चलती नौका से आगे की ओर कूदता है, तो चलती नौका पर क्या प्रभाव पड़ता है, और यह गति के किस नियम को दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. नौका अपनी जगह पर तैरती है; न्यूटन का गुरुत्व नियम
- ✗ B. नौका आगे की ओर जाती है; न्यूटन का दूसरा नियम
- ✓ C. नौका पीछे की ओर जाती है; न्यूटन का तीसरा नियम
- ✗ D. नौका आगे की ओर जाती है; न्यूटन का पहला नियम

Q.60 कोई राशि 9.25% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 5.4 वर्षों में ₹16,494.50 हो जाती है। उसी राशि पर 8.6% वार्षिक ब्याज दर से 4.5 वर्षों का साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 5,427
- ✗ B. 4,527
- ✓ C. 4,257
- ✗ D. 4,725

Q.61 7 cm त्रिज्या वाले 216 एकसमान ठोस गोलों को पिघलाकर एक बड़ा गोला बनाया जाता है, बड़े गोले का व्यास ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 84 cm
- ✗ B. 42 cm
- ✗ C. 64 cm
- ✗ D. 78 cm

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.62 जुलाई 2025 में, दिल्ली सरकार ने ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वालों को नकद पुरस्कार के रूप में कितनी धनराशि देने की घोषणा की है?

Ans
- ✔ A. ₹7 करोड़
- ✘ B. ₹3 करोड़
- ✘ C. ₹10 करोड़
- ✘ D. ₹5 करोड़

Q.63 नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक अभिकथन (A) है और दूसरा कारण (R) है। इन कथनों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): न्यूट्रॉन, परमाणु के द्रव्यमान में योगदान करते हैं।
कारण (R): परमाणु का द्रव्यमान, नाभिक में उपस्थित प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के द्रव्यमानों का योग होता है।

Ans
- ✘ A. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
- ✔ B. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
- ✘ C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- ✘ D. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

Q.64 लोकसभा की प्राक्कलन समिति की कुल सदस्य संख्या कितनी है?

Ans
- ✘ A. 7
- ✘ B. 15
- ✘ C. 22
- ✔ D. 30

Q.65 सात बॉक्स E, F, G, H, S, T और U एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। H और E के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। H के ऊपर केवल S को रखा गया है। F और U के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। T को G के ठीक ऊपर रखा गया है। U को T के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
ऊपर से चौथा बॉक्स कौन-सा है?

Ans
- ✘ A. H
- ✘ B. G
- ✘ C. E
- ✔ D. T

Q.66 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 A 2 B 4 C 8 D 3 = ?

Ans
- ✘ A. 42
- ✔ B. 53
- ✘ C. 50
- ✘ D. 48

Q.67 अमन अपनी कार को उसकी वास्तविक चाल के दो-तिहाई से चला रहा है। वह 110 मिनट में 55 km की दूरी तय करता है। कार की वास्तविक चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 44 km/hr
- ✘ B. 42 km/hr
- ✘ C. 40 km/hr
- ✔ D. 45 km/hr

Q.68 भारतीय संविधान के भाग XIV के अनुच्छेद 315 में, निम्नलिखित में से किस संवैधानिक निकाय का उल्लेख है?

Ans
- ✗ A. राज्य निर्वाचन आयोग
- ✗ B. वित्त आयोग
- ✓ C. संघ और राज्यों के लिए लोक सेवा आयोग
- ✗ D. भारत निर्वाचन आयोग

Q.69 A, B, C, D, P, Q और R एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D और R के बीच केवल C बैठा है। R, P के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, P के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। B, R का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
Q के बायीं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. C
- ✗ B. A
- ✗ C. Q
- ✓ D. D

Q.70 फ्लेमिंग के वामहस्त नियम के अनुसार, यदि तर्जनी उंगली (forefinger) चुंबकीय क्षेत्र की दिशा में और मध्यांगुलि (middle finger) धारा की दिशा में इंगित करती है, तो अंगुष्ठ (thumb) क्या दर्शाता है?

Ans
- ✓ A. चालक पर बल की दिशा
- ✗ B. चालक पर विद्युत क्षेत्र की दिशा
- ✗ C. विद्युत आवेश की दिशा
- ✗ D. चुंबकीय उत्तर की दिशा

Q.71 निम्नलिखित में से किसे स्वतंत्रता संग्राम में उनके नेतृत्व के लिए 'पंजाब का शेर' के रूप में जाना जाता था?

Ans
- ✗ A. गोपाल कृष्ण गोखले
- ✓ B. लाला लाजपत राय
- ✗ C. बिपिन चंद्र पाल
- ✗ D. सी. राजगोपालाचारी

Q.72 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 × 5 + 20 ÷ 2 − 50 = ?

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 28
- ✓ C. 13
- ✗ D. 3

Q.73 रिक्तिकाएँ पादप कोशिकाओं में कला-बद्ध संरचनाएँ होती हैं। कोशिका के कार्य और संरचना को संबल प्रदान करने में उनकी मुख्य भूमिका क्या है?

Ans
- ✗ A. कोशिका विभाजन को नियंत्रित करना
- ✓ B. कोशिका को स्फीति और कठोरता प्रदान करना
- ✗ C. प्रोटीन संश्लेषण
- ✗ D. DNA प्रतिकृति

Q.74 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. JT - SY
- ✗ B. UE - SI
- ✗ C. IS - GW
- ✗ D. LV - JZ

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.75 1855-56 के संथाल विद्रोह का नेतृत्व निम्नलिखित में से किस नेता ने किया था?

Ans
- ✗ A. बिरसा मुंडा
- ✗ B. अल्लूरी सीताराम राजू
- ✓ C. सिद्धू और कान्हू मुर्मू
- ✗ D. टीटू मीर

Q.76 शब्द FLIGHTY में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उससे ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
- ✗ A. I
- ✓ B. H
- ✗ C. G
- ✗ D. M

Q.77 भारत की भू-आकृति के संदर्भ में 'शिपकिला' और 'बोमडिला' क्या हैं?

Ans
- ✗ A. पठारों के नाम
- ✗ B. मैदानों के नाम
- ✗ C. झीलों के नाम
- ✓ D. पहाड़ी दर्रों के नाम

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

DEW33 IJB46 NOG59 STL72 ?

Ans
- ✗ A. XZQ85
- ✗ B. XYO85
- ✓ C. XYQ85
- ✗ D. CYQ85

Q.79 हाई जंप (high jump) प्रतियोगिता में, एथलीटों को कठोर पृष्ठ के बजाय कुशन या रेत शय्या (sand bed) पर क्यों लैंड कराया जाता है?

Ans
- ✗ A. रुकने में लगने वाले समय को कम करने के लिए, जिससे संवेग परिवर्तन की दर बढ़ जाती है
- ✗ B. लैंड करने में लगने वाले समय को कम करने के लिए
- ✗ C. लैंड करने के बाद उन्हें ऊँचा उच्छलन (bounce) में सहायता करने के लिए
- ✓ D. रुकने में लगने वाले समय को बढ़ाने के लिए, जिससे संवेग परिवर्तन की दर कम हो जाती है

Q.80 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. AE – FJ
- ✓ B. QU – WZ
- ✗ C. IM – NR
- ✗ D. CG – HL

Q.81 200 cm से अधिक भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में किस प्रकार की वनस्पति पाई जाती है?

Ans
- ✓ A. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
- ✗ B. अल्पाइन वनस्पति
- ✗ C. मरुस्थलीय वनस्पति
- ✗ D. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

Adda247 | GET IT ON Google Play

Q.82 16 और 36 के मध्य माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 24
- ✘ B. 30
- ✘ C. 28
- ✘ D. 26

Q.83 एक मोबाइल फोन की कीमत ₹8,000 से बढ़ाकर ₹9,600 कर दी गई है। प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 18%
- ✘ B. 21%
- ✘ C. 19%
- ✔ D. 20%

Q.84 $\left(\frac{2^2 \times 5^5 \times 7^7}{5 \times 7^3}\right)^{\frac{1}{2}}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✘ A. 4800
- ✘ B. 3250
- ✔ C. 2450
- ✘ D. 2350

Q.85 ऊर्जा का द्वितीयक स्रोत निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✘ A. कोयला
- ✔ B. विद्युत
- ✘ C. गैस
- ✘ D. पेट्रोलियम

Q.86 भारत और एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी (4.5 km, 345 वैगन) का नाम क्या है, जिसका पहला परीक्षण अगस्त 2025 में उत्तर प्रदेश के गंजख्वाजा से झारखंड के गढ़वा तक किया गया था?

Ans
- ✔ A. रुद्राक्ष
- ✘ B. विश्वकर्मा
- ✘ C. अवतार
- ✘ D. रुद्रास्त्र

Q.87 निम्नलिखित का मिलान कीजिए।

| कॉलम I (पदार्थ) | कॉलम II (प्रेक्षण) |
|---|---|
| 1. NaOH में फीनॉलफ्थेलिन | a. $CO_2$ गैस उत्सर्जित होती है |
| 2. $CaCO_3$ + तनु अम्ल | b. गुलाबी रंग |
| 3. उदासीनीकरण अभिक्रिया | c. लवण + जल |

Ans
- ✘ A. 1-c, 2-a, 3-b
- ✔ B. 1-b, 2-a, 3-c
- ✘ C. 1-b, 2-c, 3-a
- ✘ D. 1-a, 2-b, 3-c

Q.88 मानव कंकाल तंत्र में कौन-सा संयोजी ऊतक, एक अस्थि को दूसरी अस्थि से संयोजित करता है?

Ans
- ✘ A. अवकाशी ऊतक (Areolar tissue)
- ✔ B. स्नायु (Ligament)
- ✘ C. कंडरा (Tendon)
- ✘ D. उपास्थि (Cartilage)

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.89 निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए।

| अंक | 17 | 31 | 52 | 66 | 86 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 79 | 11 | 78 | 83 | 73 |

Ans
A. 77
B. 55
C. 36
D. 54

Q.90 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
A. LON
B. ZCB
C. UYW
D. VYX

Q.91 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

कुछ पंखुड़ियाँ, फूल हैं।
कोई भी फूल, चमगादड़ नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कुछ पंखुड़ियाँ, चमगादड़ हैं।
(II) कुछ फूल, पंखुड़ियाँ हैं।

Ans
A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.92 वैश्विक नवाचार सूचकांक (Global Innovation Index) 2023 में भारत का क्या स्थान था?

Ans
A. 62वाँ
B. 50वाँ
C. 20वाँ
D. 40वाँ

Q.93 यह प्रश्न निम्नलिखित पदों पर आधारित है।
ALT DOL SKI OTP
प्रत्येक पद में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
A. एक भी नहीं
B. एक
C. दो
D. तीन

Q.94 पादपों में जनन कोशिकाएं पुष्प के किस भाग में होती हैं?

Ans
- ✔ A. पुंकेसर और स्त्रीकेसर
- ✘ B. अंडाशय और तना
- ✘ C. पंखुड़ियां और बाह्य दल
- ✘ D. जड़ें और पत्तियां

Q.95 A की आयु और B की आयु के 5 गुने का योग 55 वर्ष है। जब A की आयु के 3 गुने को B की आयु के 7 गुने में जोड़ा जाता है, तो परिणाम 99 वर्ष होता है। A और B की आयु का योग (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 20
- ✔ B. 22
- ✘ C. 21
- ✘ D. 27

Q.96 संख्या 2017224 किस संख्या से विभाज्य नहीं है?

Ans
- ✔ A. 75
- ✘ B. 88
- ✘ C. 72
- ✘ D. 54

Q.97 ________ को किसी भी व्यक्ति को ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ़ इंडिया के रूप में पंजीकृत करने का अधिकार है।

Ans
- ✔ A. केंद्र सरकार
- ✘ B. राज्य सरकार
- ✘ C. भारत के सर्वोच्च न्यायालय
- ✘ D. भारत के राष्ट्रपति

Q.98 किसी निश्चित कूट भाषा में, PRIYA को AYIRP लिखा जाता है और PREET को TEERP लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में PRITA को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✘ A. ATPRI
- ✔ B. ATIRP
- ✘ C. ARPIT
- ✘ D. APRIT

Q.99 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LEFT' को '6213' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LIFT' को '1643' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' का कूट क्या है?

Ans
- ✘ A. 2
- ✘ B. 6
- ✘ C. 1
- ✔ D. 4

Q.100 टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर कौन थे?

Ans
- ✘ A. सचिन तेंदुलकर
- ✔ B. वीरेंद्र सहवाग
- ✘ C. विराट कोहली
- ✘ D. राहुल द्रविड़

Adda247